# स्टार्टअप मिशन के जरिए 10 लाख रोजगार देने की तैयारी

## देश में स्टार्टअप रैंकिंग में यूपी को नंबर एक पर लाने का लक्ष्य

लखनऊ। प्रदेश में नई सरकार का गठन करने के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। इसके तहत 'एक जिला-एक उत्पाद' (ओडीओपी) परियोजना पर काम शुरू हो गया है। वहीं, औद्योगिक क्षेत्र में रोजगार को बढ़ावा देने के लिए आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग ने स्टार्टअप योजना पर ध्यान केंद्रित किया है। आत्मनिर्भर युवा स्टार्टअप मिशन बनाकर 10 लाख रोजगार या स्वरोजगार के अवसर दिए जाएंगे।

अधिकारियों का कहना है कि जल्दी ही कई नए स्टार्टअप राज्य में शुरू होंगे, जिससे स्टार्टअप रैंकिंग में यूपी को नंबर एक बनाने के लक्ष्य को हासिल किया जा सके। मंडल स्तर पर इंक्यूबेशन सेंटर बनाए जाएंगे। कुल 100 नए इंक्यूबेशन सेंटर की स्थापना की जाएगी। अभी यूपी में करीब 20 इंक्यूबेशन सेंटर काम कर रहे हैं। इनके जरिए मैनेजमेंट ट्रेनिंग या अन्य जरूरी सेवाएं देकर नई स्टार्टअप कंपनियों को विकसित करने में मदद मिलेगी। इन इंक्यूबेटर्स के जरिए करीब 10 हजार नए स्टार्टअप और स्थापित किए जाएंगे। इससे 50 हजार लोगों को प्रत्यक्ष और एक लाख लोगों को परोक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध हो सकेगा। स्टार्टअप शुरू करने वालों को पॉलिसी के तहत प्रोत्साहन भी दिए जाएंगे।

स्टार्टअप को स्किल्ड लेबर मिल सके, इसके लिए युवाओं को ट्रेनिंग देने का प्रोग्राम भी चलाया जाएगा। अच्छे स्टार्टअप को सब्सिडी भी दी जाएगी। ब्यूरो